Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding alleged irregularities in implementation of Pradhan Mantri Awas Yojana in Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): धन्यवाद, अध्यक्ष जी। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री महोदय का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। माननीय प्रधान मंत्री जी चाहते हैं कि वर्ष 2022 तक भारत में रहने वाले सभी बेसहारा व्यक्तियों को छत मुहैया कराई जाए। सरकार द्वारा आवास निर्माण हेतु एक लाख 20 हजार रुपये देने के साथ-साथ निर्माण कार्य में आने वाली मजदूरी की लागत अतिरिक्त रूप से, मनरेगा के माध्यम से 15 हजार रुपये देने का प्रावधान किया गया है। मेरे संज्ञान में, मेरे जनपद प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश की कुछ ग्राम पंचायतों में आई शिकायतों से ज्ञात हुआ कि प्रधान मंत्री आवास का पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में भेज दिया जाता है, किन्तु जानकारी के अभाव में अधिकारीगण मनरेगा के माध्यम से उसमें मिलने वाली मजदूरी मद की 15 हजार रुपये की धनराशि को कुछ फर्जी जॉब कार्ड धारकों के खाते में ट्रांसफर करके, उसे निकालकर आपस में बंदरबांट कर लेते हैं।

इसलिए, आज मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि जनपद प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश में प्रधान मंत्री आवास योजना में मनरेगा के माध्यम से मजदूरी हेतु अतिरिक्त दी जाने वाली 15 हजार रुपये की धनराशि के संबंध में भारत सरकार एक स्पेशल टीम गठित करके, सम्पूर्ण जनपद में प्रधान मंत्री आवास योजना में इस राशि को लाभार्थियों के खाते में न भेजकर दूसरे के खातों में भेजकर आहरित करने के प्रकरण का परीक्षण कराकर, जांच रिपोर्ट के आधार पर सभी दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई कराते हुए, उन पर इस वित्तीय आपराधिक कृत्य के लिए सक्षम धाराओं में प्राथमिकता दर्ज कराए जाने का निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री संगम लाल गुप्ता द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।